उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 20 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

**( दिनांक : 11 दिसम्बर, 2012 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।

3. निधन के निदेश।

4. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक - महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के 31 मार्च, 2011 को समाप्त हुए वर्ष के 'राज्य सरकार के वित्त' पर प्रतिवेदन (प्रतिवेदन संख्या 1- वर्ष 2012) तथा उक्त अवधि के उत्तराखण्ड सरकार से संबंधित लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (प्रतिवेदन संख्या 2- वर्ष 2012) सदन के पटल पर रखेंगे।

5. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक - महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के वर्ष 2011-12 के विनियोग लेखे एवं वित्त लेखे (भाग 1 एवं भाग 2) सदन के पटल पर रखेंगे।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हो।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**''ग''**)

10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

11. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि हिमालयन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री अजय टम्टा<br>3. श्री महावीर सिंह<br>4. डा0 प्रेम सिंह<br>5. श्री यतीश्वरानन्द<br>6. श्री चन्दन राम दास<br>7. श्री विशन सिंह चुफाल<br>8. श्री तीरथ सिंह रावत<br>9. श्री आदेश चौहान<br>10. श्री राजेश शुक्ला<br>11. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>12. श्री बंशीधर भगत<br>13. श्री राजकुमार ठुकराल<br>14. श्री भीमलाल आर्य।<br>15. श्री चन्द्रशेखर<br>16. श्री संजय गुप्ता | "हिमालयन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

12. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि हिमालयन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

13. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि आई0एम0एस0 यूनिसन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री अजय टम्टा<br>3. श्री महावीर सिंह<br>4. डा0 प्रेम सिंह<br>5. श्री यतीश्वरानन्द<br>6. श्री चन्दन राम दास<br>7. श्री विशन सिंह चुफाल<br>8. श्री तीरथ सिंह रावत<br>9. श्री आदेश चौहान<br>10. श्री राजेश शुक्ला<br>11. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>12. श्री बंशीधर भगत<br>13. श्री राजकुमार ठुकराल | "आई0एम0एस0 यूनिसन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

14. श्री भीमलाल आर्य।
15. श्री चन्द्रशेखर
16. श्री संजय गुप्ता

**14.** मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि आई0एम0एस0 यूनिसन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

**15.** मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
| --- | --- |
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री अजय टम्टा<br>3. श्री महावीर सिंह<br>4. डा0 प्रेम सिंह<br>5. श्री यतीश्वरानन्द<br>6. श्री चन्दन राम दास<br>7. श्री विशन सिंह चुफाल<br>8. श्री तीरथ सिंह रावत<br>9. श्री आदेश चौहान<br>10. श्री राजेश शुक्ला<br>11. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>12. श्री बंशीधर भगत<br>13. श्री राजकुमार ठुकराल<br>14. श्री भीमलाल आर्य।<br>15. श्री चन्द्रशेखर<br>16. श्री संजय गुप्ता | " उत्तरांचल विश्वविद्यालय विधेयक, 2012, को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

**16.** मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

**17.** मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि डी0 आई0 टी0 विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय।**(30 मिनट)**

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
| --- | --- |
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री अजय टम्टा<br>3. श्री महावीर सिंह<br>4. डा0 प्रेम सिंह<br>5. श्री यतीश्वरानन्द | "डी0 आई0 टी0 विश्वविद्यालय विधेयक, 2012, को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

6. श्री चन्दन राम दास
7. श्री विशन सिंह चुफाल
8. श्री तीरथ सिंह रावत
9. श्री आदेश चौहान
10. श्री राजेश शुक्ला
11. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
12. श्री बंशीधर भगत
13. श्री राजकुमार ठुकराल
14. श्री भीमलाल आर्य।
15. श्री चन्द्रशेखर
16. श्री संजय गुप्ता

**18.** मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि डी0 आई0 टी0 विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

**19.** मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री अजय टम्टा<br>3. श्री महावीर सिंह<br>4. डा0 प्रेम सिंह<br>5. श्री यतीश्वरानन्द<br>6. श्री चन्दन राम दास<br>7. श्री विशन सिंह चुफाल<br>8. श्री तीरथ सिंह रावत<br>9. श्री आदेश चौहान<br>10. श्री राजेश शुक्ला<br>11. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>12. श्री बंशीधर भगत<br>13. श्री राजकुमार ठुकराल<br>14. श्री भीमलाल आर्य।<br>15. श्री चन्द्रशेखर<br>16. श्री संजय गुप्ता | "ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012, को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

**20.** मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

21. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट | "पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012, को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।" (समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |
| 2. श्री अजय टम्टा | |
| 3. श्री महावीर सिंह | |
| 4. डा0 प्रेम सिंह | |
| 5. श्री यतीश्वरानन्द | |
| 6. श्री चन्दन राम दास | |
| 7. श्री विशन सिंह चुफाल | |
| 8. श्री तीरथ सिंह रावत | |
| 9. श्री आदेश चौहान | |
| 10. श्री राजेश शुक्ला | |
| 11. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना | |
| 12. श्री बंशीधर भगत | |
| 13. श्री राजकुमार ठुकराल | |
| 14. श्री भीमलाल आर्य। | |
| 15. श्री चन्द्रशेखर | |
| 16. श्री संजय गुप्ता | |

22. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

23. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

(डी0पी0गैरोला)
प्रमुख सचिव।

**देहरादून :**
**दिनांक : 11 दिसम्बर, 2012**

तृतीय सत्र, 2012
का प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## मंगलवार, 20 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

## ( दिनांक : 11 दिसम्बर, 2012 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>26.11.2012 | **क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के बन्दीया क्षेत्र में 10–12 एकड़ भूमि में आग लगने से गन्ने की फसल जलकर राख हो गयी है जिससे किसानों को नुकसान हुआ है ? क्या सरकार उक्त किसानों को मुआवजा दिये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना |
| श्री आदेश चौहान<br>26.11.2012 | **क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद में अनेकों ऐसे व्यक्ति निवास कर रहे हैं जिन्होने अन्य राज्यों से शस्त्र लाइसैन्स प्राप्त कर उन शस्त्रों को बिना जिले में पंजीकृत कराये रखा हुआ है ? क्या सरकार ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका जिले में भी पंजीकरण कायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | गृह |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.08.2012 | *1. | क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वृद्धावस्था, विकलांग व विधवा पेंशन की अनुमन्य राशि रू0 400 प्रति माह देश के दिल्ली राज्य से बहुत कम है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त राशि को दिल्ली राज्य के बराबर या वर्तमान मूल्य वृद्धि की परिस्थितियों में तर्क संगत ढंग से बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक और कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.08.2012 | *2. | क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में परित्यक्त विवाहित महिला, निराश्रित महिला एवं मानसिक रूप से विकृत व्यक्ति की पत्नी एवं निराश्रित अविवाहित महिलाओं के भरण पोषण हेतु अनुदान योजना प्रत्येक जिले में माह अप्रैल 2012 से लागू होनी थी ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त योजना का लाभ पात्र लोगों को दिया जा रहा है ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>13.08.2012 | *3 | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के अधिकांश चिकित्सालयों में एक लम्बी अवधि से चिकित्सकों की तैनाती न होने के कारण क्षेत्रीय जनमानस को चिकित्सा सुविधायें नहीं मिल पा रही हैं ? यदि हां, तो राज्य में एलोपैथिक/आयुर्वेदिक एवं होम्यापैथिक चिकित्सालयों में चिकित्सकों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का जनपदवार विवरण क्या है तथा अब तक रिक्त पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति करने के संबंध में की गई कार्यवाही और उसके परिणाम क्या हैं ? | स्वास्थ्य |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>29.08.2012 | *4. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के आदर्श नगर टिहरी में विस्थापितों को चिकित्सकीय सुविधा हेतु चिकित्सालय के लिए भूमि आवंटन की गयी थी ? यदि हां, तो चिकित्सालय निर्माण के संबंध में सरकार कोई ठोस कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

श्री पुष्कर सिंह धामी
13.09.2012

*5. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ''परिवहन कार्मिकों के विभाजन विषयक भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार जिन कार्मिकों के नियुक्ति प्राधिकारी क्षेत्रीय (मण्डलीय) एवं डिपो स्तर पर हैं वे स्वत ही जिस राज्य में तैनात हैं वे उस राज्य के परिवहन निगम के कार्मिक समझे जायेंगे'', व्यवस्थान्तर्गत परिवहन निगम के गठन से पूर्व के चालक/परिचालक एवं अन्य समकक्षीय कार्मिकों की भांति दिनांक 01.11.2001 तक दैनिक वेतनभोगी/संविदा/अंशकालिक कार्मिकों को उत्तराखण्ड परिवहन निगम के अन्तर्गत कार्यरत माने जाने के बावजूद ऐसे कर्मचारियों की सेवा अवधि की गणना उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में दैनिक वेतनभोगी/संविदा/अंशकालिक कार्मिकों के रूप में तैनाती की तिथि से न किये जाने के क्या कारण है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि परिवहन निगम के गठन से पूर्व के चालक/परिचालक एवं अन्य समकक्षीय कार्मिकों की भांति 14 वर्ष तक की सेवावधि वाले दिनांक 01.11.2001 तक के दैनिक वेतनभोगी/संविदा/अंशकालिक कार्मिकों को उत्तराखण्ड शासन द्वारा दिनांक 21 नवम्बर, 2011 को जारी विनियमितीकरण संबंधी अधिसूचना के प्राविधानानुसार विनियमित करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ?

**परिवहन**

श्री दान सिंह भण्डारी
20.09.2012

*6. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत सी0एच0सी0 पद्मपुरी में एक्सरे की मशीन लगायी गयी है परन्तु न तो उक्त चिकित्सालय में डाक्टर/टैक्निशियन है और न ही ब्लैड टैस्ट, यूरीन टैस्ट की कोई व्यवस्था है, जबकि यहां, 60 से भी अधिक गांव के लोग उपचार हेतु आते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार सी0एच0सी0 पद्मपुरी में डाक्टर, टैक्निशियन एवं पैथोलाजी हेतु कोई कदम उठा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ?

**स्वास्थ्य**

श्री मदन कौशिक
27.09.2012
डा0 जीतराम
21.11.2012

*7. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**

**नियोजन**

क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में तेजी से हो रहे पलायन को रोकने हेतु सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मदन कौशिक
27.09.2012

*8. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराने हेतु हेल्थ सिस्टम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत सचल चिकित्सा वाहन योजना शुरू की गई थी ? क्या सचल चिकित्सा वाहन योजना सुचारू रूप से चल रही है ? यदि हां, तो क्या दूरदराज एवं दुर्गम इलाकों में जनमानस को योग्य चिकित्सकों द्वारा उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है ? यदि हां, तो अभी तक कितने रोगियों का इलाज किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**स्वास्थ्य**

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक 28.09.2012 | *9. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में परिवहन विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों के औचक निरीक्षण में अनियमित्ता पायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? क्या यह सत्य है कि परिवहन विभाग में विभिन्न जनपदों में निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में अनियमित्ता/लापरवाही के कारण विभागीय अधिकारियों के स्थानान्तरण किये गये हैं ? यदि हां, तो कितने ? | **परिहवन** |
| श्री मनोज तिवारी 8.10.2012 | *10. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के चिकित्सक विहीन दुर्गम चिकित्सालयों में चिकित्सक की अनुपस्थिति में फार्मेसिस्टों द्वारा सामान्य उपचार हेतु सभी दवाईयां दी जा सकती है अथवा नहीं ? यदि नहीं, तो उसकी वैकल्पिक व्यवस्था क्या है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मनोज तिवारी 15.10.2012 | *11. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र अल्मोड़ा में अन्तर्राज्यीय बस अड्डा के निर्माण हेतु दिनांक 05 मई, 2012 को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा की गयी थी ? यदि हां, तो अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? | **परिवहन** |
| श्री गणेश जोशी 30.10.2012 | *12. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सांई मंदिर–कैनाल रोड–किशनपुर–साकेत कालोनी–ग्रेट वैल्यू होटल–सचिवालय –ई0सी0रोड–आराघर–रिस्पना–केदारपुरम–दून विश्वविद्यालय–मौथरोंवाला के लिए परिवहन विभाग द्वारा टाटामैजिक संचालित किये जाने हेतु सर्वे कराया गया ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त मार्ग पर टाटामैजिक संचालित किये जाने हेतु परमिट जारी किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री ललित फर्स्वाण 30.10.2012 | *13. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर में युवा कल्याण विभाग को धन आवंटित न होने के कारण पी0आर0डी0 के पंजीकृत 144 जवानों को सेवा से हटा दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा पंजीकृत पी0आर0डी0 जवानों को पुनः सेवायोजित किये जाने हेतु धन आवंटित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **युवा कल्याण** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 05.11.2012 | *14. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार गन्ने का मूल्य बढ़ाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कितने रू0 प्रति कुन्तल और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **गन्ना** |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>07.05.2012 | 1. क्या परिवहन मंत्री बताने को कष्ट करेंगे कि प्रदेश की परिवहन निगम की बसों में कुल कितने व्यक्ति रूटवार प्रतिदिन यात्रा करते हैं ? प्रदेश परिवहन से अभी तक कितनी बसों का आवागमन अन्य राज्यों में होता है ? यात्रियों की सुविधाओं हेतु सरकार द्वारा कोई योजना तैयार की जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.08.2012 | 1. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि परित्यक्त विवाहित महिला, निराश्रित महिला एवं मानसिक रूप से विकृत व्यक्ति की पत्नी एवं निराश्रित अविवाहित महिला को भरण पोषण हेतु प्रत्येक जिले में 50 चयनित व्यक्तियों के स्थान पर प्रत्येक जिले में सभी पात्र लोगों को योजना का लाभ देने पर विचार करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.08.2012 | 2. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में कुल कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं तथा उनमें मानकों के अनुसार चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों के चिकित्सालयवार कुल कितने कितने पद स्वीकृत हैं तथा उनके सापेक्ष कुल कितने चिकित्सक एवं कर्मचारी कार्यरत हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि चिकित्सालयों में सरकार मानकों के अनुसार चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>08.08.2012 | 3. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जलनपद अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र के तया (कालीगांव) में आर्युवेदिक चिकित्सालय भवन का निर्माण 2006 से आज तक अपूर्ण है ? यदि हां, तो क्या सरकार शीघ्र भवन निर्माण कराकर भवन निर्माण कार्य में विलम्ब के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>08.08.2012 | 4. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके गरीब व्यक्ति जिनकी सभी श्रोतों से मासिक आय रू0 1000 तक हो, वह मासिक पेंशन के पात्र हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार मंहगाई के इस समय में 1000 रू0 मासिक आय के मानक को बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य<br>09.08.2012 | 5 क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिलखी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–बेलेश्वर में नानकों के अनुरूप चिकित्सक व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक व स्वास्थ्य, सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>13.08.2012 | 6 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसे राजकीय चिकित्सालय कौन–कौन से हैं जिनमें चिकित्साधिकारी के लिए आवासीय भवन निर्मित है किन्तु उक्त चिकित्सालयों में चिकित्साधिकारी तैनात नहीं है और ये आवासीय भवन अनुपयोगी पड़े–पड़े क्षतिग्रस्त होते जा रहे हैं ? क्या सरकार आवासीय सुविधायुक्त चिकित्सालयों में चिकित्सकों की तैनाती प्राथमिकता के आधार पर करने की दिशा में सरकार की क्या योजना है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>14.08.2012 | 7 क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के 69 नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा नानकमत्ता में बस डिपो की स्थापना की गयी थी ? यदि हां, तो अभी तक वहां से बसें संचालित न होने और कर्मचारी एवं अधिकारी नियुक्त न होने का क्या कारण है ? क्या सरकार उक्त डिपो में कर्मचारियों एवं अधिकारियों की व्यवस्था कराने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>25.08.2012 | 8 क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र लैन्सडाउन के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से निर्मित मोटर मार्ग हैं जिन पर अभी तक बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ नहीं किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त मोटर मार्गों पर बस सेवाओं के संचालन हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त मोटर मार्गों पर बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा तथा विधान सभा क्षेत्र लैन्सडाउन के अन्तर्गत ऐसे कौन कौन से निर्मित मोटर मार्ग हैं जिन्हे बस सेवाओं के संचालन हेतु उपयुक्त नहीं पाया गया है ? | **परिवहन** |
| श्री संजय गुप्ता<br>28.08.2012 | 9. **द्वितीय सोमवार के अता0 40 में स्थाना0**<br><br>क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि पूर्ववर्ती प्रदेश उत्तर प्रदेश में 1995 में अधिनियम बनाकर सरकारी सेवाओं में आरक्षण निर्धारित किया गया था जिसे नव निर्मित प्रदेश उत्तराखण्ड में बिना अधिनियम में संशोधन के घटाया गया ? यदि है तो क्या आरक्षण निर्धारण में उत्तर प्रदेश पुनगर्ठन अधिनियम के प्राविधानों का पालन किया गया ? यदि हां, तो कैसे ? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दिनेश घनै<br>30.08.2012 | 10. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में सरकार द्वारा ठेकेदारों से व्यापार कर का ब्योरा जो प्रत्येक तिमाही में लिया जाता रहा है को एक वर्ष में जमा करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वित्त** |
| श्री संजय गुप्ता<br>03.09.2012 | 11. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के लक्सर नगर के तहसील मुख्यालय रेलवे जंक्शन व औद्योगिक क्षेत्र में बस अड्डा नहीं है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त स्थानों पर बस अड्डा बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>03.09.2012 | 12. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के 69 नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार खेल स्टेडियम बनाये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खेल** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>03.09.2012 | 13. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के एलौपेथिक एवं आर्युवेदिक अस्पतालों में फार्मासिस्टों की कमी है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा फार्मासिस्टों की नियुक्ति कब तक की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>04.09.2012<br>श्री मदन कौशिक<br>26.09.2012 | 14. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में जिलेवार कुल कितने डाक्टर तैनात हैं और कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार सभी सरकारी अस्पतालों में डाक्टर नियुक्त करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>10.09.2012 | 15. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांडा में महिला चिकित्सक नियुक्त हैं ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>10.09.2012 | 16. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट में चिकित्सकों के आवासीय भवन निर्माण हेतु योजना स्वीकृत है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>10.09.2012 | 17. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के किन किन मोटर मार्गों पर परिवहन निगम की बसें संचालित की जा रही हैं ? क्या सरकार सिलोगी से ऋषिकेश दिल्ली, कांडी से दुगड्डा कोटद्वार दिल्ली, देवीखेत, कांडाखाल, कोटद्वार, भवांसी, पौखाल, देहरादून आदि मोटर मार्गों पर बस सेवा प्रारम्भ करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल 18.09.2012 | 18. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के ए0एन0एम ट्रेनिंग सेन्टर बढालू में ए0एन0एम0 को प्रशिक्षण न दिये जाने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार ट्रेनिंग सेन्टर में प्रशिक्षण दिलाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 24.09.2012 | 19. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले के सल्ट विधान सभा में देवायल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में किया गया है और उसका भवन निर्माण का कार्य भी चुका है ? यदि हां तो क्या सरकार स्वास्थ्य केन्द्र मानकों के अनुरूप जनता को लाभ देने का तत् संबंधित विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक 25.09.2012 | 20. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं के दृष्टिगत् सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में कुल कितने ब्लड बैंक संचालित किये जा रहे हैं ? क्या सरकार द्वारा उक्त ब्लड बैंकों में 24 घन्टे जरूरी स्टाफ की शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक 25.09.2012 | 21. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने चिकित्सालयों में एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड, सी0टी0स्कैन, एम0आर0आई की सुविधाये उपलब्ध हैं व इसका मानक क्या है तथा कितने विशेषज्ञ/रेडियोलोजिस्ट कार्यरत हैं ? क्या सरकार द्वारा जनता को एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड, सी0टी0स्कैन, एम0आर0आई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक 26.09.2012 | 22. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा कितने बस अड्डे संचालित किये गये हैं ? क्या सरकार द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु प्रत्येक बस अड्डे पर साज सज्जा/साफ सफाई/प्रतिक्षालय इत्यादि हेतु कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री मदन कौशिक 26.09.2012 | 23. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार चिकित्सालयों में कितने विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद सृजित हैं तथा सृजित पदो के सापेक्ष कितने चिकित्सक कार्यरत हैं तथा कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार रिक्त पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>27.09.2012 | 24. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में बी0पी0एल परिवारों एवं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग को विवाह, पारिवारिक लाभ, बीमारी हेतु कोई सहायता दी जा रही है ? यदि हां, तो उक्त योजनायें क्या हैं ? क्या मंत्री जी वर्ष 2011–12 में मदवार वितरित की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? | **समाज कल्याण** |
| श्री मदन कौशिक<br>27.09.2012 | 25. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा यात्रियों की सुविधाओं हेतु प्रत्येक स्टाप पर यात्री शेड् बनाने हेतु नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री मदन कौशिक<br>28.09.2012 | 26. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा बंगाली समुदाय नमः, शुद्र, पौड, पौण्ड्र, माझी आदि को अनुसूचित जाति का दर्जा दिये जाने हेतु कोई योजना बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या तथा उसका परिणाम क्या रहा ? यदि नही, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>03.10.2012 | 27. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत धनौल्टी विधान सभा क्षेत्र का जौनपुर विकास खण्ड ओ0बी0सी0 समुदाय में सम्मिलित हैं जबकि थौलधार विकास खण्ड को ओ0बी0सी0 समुदाय में सम्मिलित नहीं किया गया है ? क्या सरकार धनौल्टी विधान सभा क्षेत्र के थौलधार विकास खण्ड को भी ओ0बी0सी0 समुदाय में सम्मिलित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>03.10.2012 | 28. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के धनौल्टी विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड जौनपुर व विकास खण्ड थौलधार में जितने भी सी0एच0सी0 व पी0एच0सी0 है उनमें क्या मानक के अनुसार डाक्टर उपलब्ध हैं ? यदि नहीं, तो कब तक उक्त अस्पतालों में डाक्टर की तैनाती की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>03.10.2012 | 29. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत वेदीखाल नामक स्थान पर राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि नहीं, तो इसके विलम्ब के क्या कारण हैं ? क्या यह सत्य है कि वेदीखाल के आस–पास कोई भी चिकित्सालय न होने के कारण जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां, तो कब तक उक्त एलोपैथिक चिकित्सालय से जनता को लाभ मिल पायेगा ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>03.10.2012 | 30. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हैं ? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि भरोली खाल तथा आस पास के कई गावों के निवासियों को चिकित्सा सुविधाओं के लिए लगभग 41 कि0मी0 की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीरोंखाल पर निर्भर रहना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में भरोलीखाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>03.10.2012 | 31. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के बनलेख में पी0एच0सी0 स्वीकृत किये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 618/2012 दिनांक 07 जून, 2012 को घोषणा की गई है ? यदि हां, तो घोषणा पर क्रियान्वयन कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>03.10.2012 | 32. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट व कांडा स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सकों की नियुक्ति की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 619/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को की है ? यदि हां, तो महिला चिकित्सकों की नियुक्ति कब तक की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>03.10.2012 | 33. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में कार्यरत डाक्टरों को अन्य प्रदेशों की अपेक्षा कम वेतन मिलता है ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश में डी0ए0सी0एम0 कब तक लागू करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>04.10.2012 | 34. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ हेतु स्पोर्टस कालेज की स्वीकृति हो चुकी है ? यदि हां, तो क्या इसके लिए स्थल का चयन एवं धन का आवंटन किया जा चुका है ? यदि हां, तो कहां पर कितना धन का आवंटन किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खेल** |
| श्री मदन कौशिक<br>04.10.2012 | 35. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम की साधारण सेवा की बसों के किराये में अन्तर/भिन्नता है ? यदि हां, तो सरकार बसों के इस किराये में अन्तर को दूर करने हेतु कोई नीति बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>04.10.2012 | 36. क्या स्वास्थ्य मंत्री बतने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के कपकोट में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 622/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को चिकित्सकों के आवासों की घोषणा की है ? यदि हां, तो क्या आवासों हेतु धन आवंटित हो चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>03.10.2012 | 37. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के प्रशासनिक खर्चों में कटौती एवं योजनागत काम का पूर्ण सदुपयोग करने हेतु कोई योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वित्त** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>05.10.2012 | 38. **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त**<br><br>क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश स्थित आई0डी0पी0एल0 कालोनी के निर्मित भवन जर्जर अवस्था में हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवनों के निवासियों की सुरक्षा हेतु इन भवनों की मरम्मत की कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>05.10.2012 | 39. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि निर्माणाधीन बेस हास्पिटल पिथौरागढ़ हेतु कितना धन स्वीकृत हुआ है और इसके सापेक्ष कितना धन खर्च हुआ है ? क्या सरकार के पास वर्तमान स्थल के स्थान पर बेस हास्पिटल अन्यत्र बनाने का प्रस्ताव है ? यदि हां, तो स्थल का निर्धारण कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मनोज तिवारी<br>08.10.2012 | 40. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन चिकित्सालयों में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदों से सापेक्ष कितने चिकित्सक कार्यरत हैं तथा रिक्त पदों में कब तक चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी जायेगी ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मनोज तिवारी<br>08.10.2012 | 41. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के फार्मासिस्ट कर्मचारियों की सेवा नियमावली बना दी गयी है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों तथा कब तक नियमावली बन जायेगी ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मनोज तिवारी<br>08.10.2012 | 42. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न चिकित्सालयों में फार्मासिस्ट कर्मचारियों के कुल कितने पद सृजित हैं तथा उनमें मानकानुसार कितने पदों की आवश्यकता होती है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या मानकानुसार फार्मासिस्टों के पद सृजित है ? यदि नहीं, तो क्यों और कब तक सृजित पद भर लिये जायेगे ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>08.10.2012 | 43. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एन0आर0एच0एम0 के तहत कितने डाक्टर कार्यरत हैं तथा उक्त डाक्टरों के सापेक्ष अन्य अस्पतालों में कार्यरत डाक्टरों को कितना वेतन कम मिलता है ? क्या सरकार इस विसंगति को दूर करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण राम आर्य 08.10.2012 | 44. क्या चिकित्सा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट के पिछड़े क्षेत्र पांखों में राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय खोलने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 06.06.2012 को की थी ? यदि हां, तो इस पर क्या प्रगति हो रही है तथा इसी वित्तीय वर्ष में चिकित्सालय की स्वीकृति हो जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा** |
| श्री चन्दन राम दास 11.10.2012 | 45. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में समूह क,ख,ग,घ श्रेणी के अन्तर्गत अनु0जा0/अनु0ज0जा0 एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के कितने पद रिक्त हैं तथा रिक्त पदों पर भर्ती अभियान के तहत नियुक्ति की जायेगी ? क्या सरकार रिक्त पदों को भरने हेतु कोई समय सीमा तय करेगी ? | **समाज कल्याण** |
| श्री चन्दन राम दास 11.10.2012 | 46. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में अनु0 जाति की कन्याओं को शादी व बीमारी में दी जाने वाली सहायता मद में कितनी धनराशि विगत 3 वर्षों में आवंटित की गयी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्ष 2012–13 में उक्त मद में सरकार द्वारा कितनी धनराशि आवंटित हुई है ? क्या उक्त मद में धनराशि में किसी प्रकार की कटौती हुई है ? यदि हां, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री चन्दन राम दास 11.10.2012 | 47. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में निराश्रित, परित्यक्त एवं निराश्रित अविवाहित 35 वर्ष आयु तक की महिलाओं की कुल संख्या कितनी है तथा उक्त पात्र महिलाओं को किसी प्रकार की पेंशन दिए जाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कितनी धनराशि व कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री चन्दन राम दास 11.10.2012 | 48. **प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 63 में स्थाना0**<br>क्या संसदीय कार्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार विधायक निधि घटाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो क्या सरकार विधायक निधि बढाये जाने पर भी विचार करेगी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्ष 2012–13 में शासन द्वारा कितनी विधायक निधि की धनराशि आवंटित की है ? | **संसदीय कार्य** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 12.10.2012 | 49. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत परिवहन निगम ऋषिकेश बस डिपो किराये की भूमि पर संचालित है ? यदि हां, तो ऋषिकेश बस अड्डे/डिपो को सरकारी भूमि पर बनाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री हरीश धामी 19.10.2012 | 50. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्रीमती रीना कौशल धर्मशक्तू जिन्होने वर्ष 2009–10 में अटलांटिक में 900 कि0मी0 स्नो स्केटिंग द्वारा साउथपोल विजयी कर प्रथम भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त किया को राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खेल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>30.10.2012 | 51. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा अनुबन्धित बसें आईएसबीटी/परेड ग्राउन्ड से सहस्त्रधारा तक संचालित हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार सहस्त्रधारा से आगे ग्रामीण क्षेत्रों सेरागांव, पटटाली पटेरू, मझाडा, कार्लीगाड, बगड़ा धोरन बसवाल गांव तक निर्मित पक्की सड़कों पर जन सुविधा हेतु बसें संचालित किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री आदेश चौहान<br>30.10.2012 | 52. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार के ज्वालापुर में चौक बाजार में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्थान पर करोड़ो रूपयों की लागत से 30 शैय्या युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उद्‌घाटन 08 नवम्बर, 2009 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था, किन्तु अभी तक भी उक्त केन्द्र पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अनुसार सुविधायें नहीं दी जा रही हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त केन्द्र में डाक्टरों की तैनाती सहित अपेक्षित सेवायें कब तक दे दी जायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>31.10.2012 | 53. **मा0 सदस्य के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के कारण प्रश्न हटाया गया।**<br>क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में ऐसे कौन–कौन से निर्मित/विस्तारित मोटर मार्ग हैं जिन पर अभी तक बस सेवायें संचालित नहीं हो रही हैं ? क्या सरकार द्वारा उक्त मोटर मार्गों पर बस सेवायें संचालित करने का प्रस्ताव है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री मालचन्द<br>31.10.2012 | 54. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में यमुनोत्री धाम एवं हरकीदून, भराड़सर व केदारकाठा यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए सरकार उक्त तीनों स्थानों पर बस स्टैंड निर्माण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री मालचन्द<br>31.10.2012 | 55. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में रोडवेज की नई बसें चलाये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कहां–कहां और कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>31.10.2012 | 56. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में संविदा पर रखे जाने वाले चिकित्सकों की अधिकतम आयु सीमा क्या है ? क्या एलोपैथिक, होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सकों को संविदा पर नियुक्ति किये जाने हेतु चिकित्सकों की अधिकतम आयु सीमा में भिन्नता है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

श्री गणेश जोशी 01.11.2012 — 57. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरोना में चिकित्सक एवं स्टाफ की तैनाती न होने पर मसूरी आने वाले पर्यटकों तथा आस–पास के क्षेत्रवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार सामुदायिक स्थास्थ्य केन्द्र सरोना में चिकित्सक एवं स्टाफ की तैनाती पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — **स्वास्थ्य**

श्री गणेश जोशी 01.11.2012 — 58. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मसूरी स्थित सेंट मेरी चिकित्सालय कुलड़ी एवं सिविल चिकित्सालय लण्ढौर में चिकित्सकों की मानकों के अनुरूप तैनाती नहीं है ? क्या यह सत्य है कि सैंट मैरी चिकित्सालय में चिकित्सकों के 13 एवं कर्मचारियों के 35 पद तथा सिविल चिकित्सालय लण्ढौर में चिकित्सकों के 09 एवं कर्मचारियों के 18 पद सृजित हैं किन्तु वर्तमान में सेंट मेरी चिकित्सालय में 03 चिकित्सक तथा सिविल चिकित्सालय लण्ढौर में मात्र 04 चिकित्सक ही तैनात हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार सेंट मेरी चिकित्सालय एवं सिविल चिकित्सालय लण्ढौर में मानकों के अनुरूप चिकित्सक एवं स्टाफ की तैनाती करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — **स्वास्थ्य**

श्री दलीप सिंह रावत 02.11.2012 — 59. **द्वितीय सोमवार के अता0 66 में स्थाना0** — **प्रोटोकाल**

क्या प्रोटोकाल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में शिष्टाचार हेतु निर्धारित मानदण्डों के अनुसार विधायकों की प्रोटोकाल में क्या स्थिति है ?

श्री पुष्कर सिंह धामी 02.11.2012 — 60. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र का कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? — **स्वास्थ्य**

हाजी सरवत करीम अंसारी 02.11.2012 — 61. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग में अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर कुछ माह पूर्व जो पदोन्नति की गयी है वह ज्येष्ठता सूची के आधार पर न होकर त्रुटिपूर्ण ढंग से कर दी गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उपरोक्त पदोन्नति में ज्येष्ठता सूची के आधार पर परिवर्तन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — **समाज कल्याण**

हाजी सरवत करीम अंसारी 05.11.2012 — 62. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के मंगलौर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पालिका मंगलौर के स्वास्थ्य केन्द्र का विस्तार करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — **स्वास्थ्य**

| | | |
|---|---|---|
| दलीप सिंह रावत 05.11.2012 | 63. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक, चिकित्सालय हैं जिसमें चिकित्सकों एवं फार्मासिस्टों की तैनाती नहीं है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त चिकित्सालयों में चिकित्सकों तथा फार्मासिस्टों की तैनाती करने/करवाने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही के परिणाम क्या है तथा कब तक उक्त चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं फार्मासिस्टों की नियुक्ति/तैनाती की जायेगी ? | **स्वास्थ्य** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 06.11.2012 | 64. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान अवशेष है ? यदि हां, तो कब से ? क्या सरकार किसानों के लम्बित गन्ने का भुगतान अविलम्ब किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **गन्ना** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 06.11.2012 | 65. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार लक्सर से बाया हरिद्वार देहरादून के लिए उत्तराखण्ड परिवहन की सीधी रोडवेज बस संचालन करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 06.11.2012 | 66. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के मंगलौर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गुरूकुल नारसन में परिवहन का बस स्टाप बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 06.11.2012 | 67. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र की कट आफ डेट क्या है ? क्या राज्य सरकार उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश को लागू करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री गणेश जोशी 06.11.2012 | 68. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अनारवाला–नयागांव–हाथीबड़कला–परेडग्राउन्ड–ई0सी0रोड–आ0एस0बी0टी0 के लिए परिवहन विभाग द्वारा टाटामैजिक संचालित किये जाने हेतु सर्वे कराया गया ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त मार्ग पर टाटामैजिक संचालित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री नारायण राम आर्य 07.11.2012 | 69. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2012–13 हेतु स्पेशल कम्पोनेन्ट एवं ट्राइवल कम्पोनेन्ट में कितनी धनराशि की व्यवस्था की गई है तथा इसमें से अब तक कितनी योजनाओं के लिए धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>07.11.2012 | 70. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में परित्यक्ता महिलाओं को पेंशन लागू करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक पेंशन लागू की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री गणेश जोशी<br>08.11.2012 | 71. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी में अवस्थित भिलाडू खेल मैदान को राजकीय स्टेडियम बनाये जाने का कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रस्ताव को अमल में लाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खेल** |
| श्री गणेश जोशी<br>08.11.2012 | 72. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि वर्तमान में पर्यटन नगरी मसूरी से मात्र देहरादून के आने जाने के लिए ही सामान्य बसों का संचालन किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार मसूरी से हरिद्वार, चण्डीगढ़, शिमला, दिल्ली, जयपुर, आगरा, नैनीताल आदि महत्वपूर्ण स्थलों के लिए वातानुकूलित बसों के संचालन पर विचार करेगी ? | **परिवहन** |
| श्री मयूख महर<br>08.11.2012 | 73. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 604/2012 दिनांक 06.06.2012 पिथौरागढ़ में जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय में 50–50 शय्याओं की स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है ? क्या सरकार द्वारा उक्त अस्पतालों में 50–50 शय्याओं की सुविधा दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री नवप्रभात<br>12.11.2012 | 74. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के हरबर्टपुर शहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो इस विषय में अभी तक क्या प्रगति की गई है ? क्या सरकार इस स्वास्थ्य केन्द्र को उच्चीकृत करते हुए भवन निर्माण पर विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री नवप्रभात<br>12.11.2012 | 75. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के हरर्बटपुर क्रिश्चियन अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना का कोई प्रस्ताव शासन को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो इस विषय में अभी तक क्या प्रगति है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री भीमलाल आर्य<br>08.08.2012 | 76. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली में बस अड्डा न होने के कारण स्थानीय जनता एवं तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों को आवागमन हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार घनसाली में बस अड्डे का निर्माण कराने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |

"नत्थी"–"ग"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 10 दिसम्बर, 2012 की बैठक में दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 से दिनांक 13 दिसम्बर, 2012 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–**

**दिसम्बर, 2012**

**11 मंगलवार,**
**विधायी कार्य।**

1. हिमालयन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
2. आई0एम0एस0 यूनिसन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण ।**(30 मिनट)**
3. उत्तरांचल विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 के विचार एवं पारण पर विचार एवं पारण ।**(30 मिनट)**
4. डी0आई0टी0 विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
5. ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
6. पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**

**12 बुधवार,**
**विधायी कार्य।**

1. उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
2. उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**
3. उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
4. उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण ।**(30 मिनट)**

13 गुरूवार,

1- **विधायी कार्य।**

1. उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
2. उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
3. विविध राजस्व विधि (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**

2- **नियम-105 के अन्तर्गत प्रस्ताव।**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा।

> ''यह माननीय सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य को ग्रीन बोनस दिया जाय।'' **(30 मिनट)**